दिन– बुधवार	दिनांक– 27 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।	अवधि – 15 मिनट

---

01. वक्फ विधेयक को लेकर विधानसभा में विपक्ष का हंगामा। विपक्ष के बहिष्कार के बीच बिहार राज्य खेल विश्वविद्यालय विधेयक पारित।

02. सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा – सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री पर अंकुश लगाने के लिए मौजूदा कानूनों को और अधिक सख्त बनाया जाएगा।

03. राज्य सरकार ने गन्ना के चालू पेराई सत्र के लिए सभी प्रकार के गन्ना के क्रय मूल्य में दस रूपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की।

04. और, राजधानी पटना में तीन दिवसीय बिहार राष्ट्रीय डाक टिकट प्रदर्शनी, बिपेक्स कल से होगी शुरू।

---

विधान सभा के शीत सत्र के तीसरे दिन आज आरक्षण, वक्फ संशोधन विधेयक और स्मार्ट प्रीपेड मीटर सहित अन्य मुद्दों को लेकर जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष के हंगामे के कारण आज शून्य काल की कार्यवाही नहीं हो सकी। विपक्षी दल राजद, कांग्रेस और वाम दलों के नेताओं ने अपनी मांग के समर्थन में बैनर–पोस्टर लेकर सदन के बीचो बीच पहुंचकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। हंगामे के चलते अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। वहीं विधानसभा के बाहर भाकपा के विधायकों ने जीविका और आशा कर्मियों की विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इधर, एआईएमआईएम के विधायक अख्तरुल इमान ने उर्दू शिक्षकों की बहाली को लेकर प्रदर्शन किया। दूसरी पाली में भी विपक्ष के हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही प्रभावित रही। विपक्ष के बहिष्कार के बीच सरकार ने आज दो महत्वपूर्ण विधेयक बिहार राज्य खेल विश्वविद्यालय विधेयक और बिहार सरकारी परिसर, आवंटन, वसूली और बेदखली विधेयक सदन में पारित किए। इधर, विधान परिषद में आज की कार्यवाही शांति पूर्वक संपन्न हुई।

---

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री पर अंकुश लगाने के लिए मौजूदा कानूनों को ओर अधिक सख्त बनाने की जरूरत है। लोकसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि

सोशल मीडिया प्रेस की स्वतंत्रता का बहुत बड़ा माध्यम है लेकिन साथ ही सोशल मीडिया में संपादकीय अंकुश की कमी के कारण अश्लील सामग्री का प्रसारण भी होता है। श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी नियम दो हजार इक्कीस अधिसूचित की है। जिनमें ओटीटी मंचों के प्रसारकों के लिए आचार संहिता निर्धारित की गई है। आचार संहिता के अंतर्गत प्रकाशकों को ऐसी किसी सामग्री के प्रसारण की अनुमति नहीं है जो कानूनन प्रतिबंधित है।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने आज बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की। इस राष्ट्रीय अभियान का मुख्य उद्देश्य देश को बाल विवाह मुक्त राष्ट्र बनाना है। महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि सरकार ने एक सौ तीस जिलों की पहचान की है जहां इस अभियान को मुख्य तौर पर चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाल विवाह न केवल एक अपराध है बल्कि मानवाधिकारों का उल्लंघन भी है। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान केवल दस और पंद्रह दिन का आयोजन नहीं है, बल्कि यह एक निरंतर प्रयास है।

———बाईट———

आज हमने एक शपथ भी लिया है। बाल विवाह मुक्त भारत के लिए, तो इस लक्ष्य को हासिल करना हम सबकी जिम्मेवारी, जवाबदेही है, तो इसके लिए, ये महज एक कार्यक्रम बनके न रह जाए बल्कि इस कार्यक्रम को जन–जन तक पहुंचाने जिम्मा भी हम सब पर है।

कार्यक्रम के दौरान अन्नपूर्णा देवी ने बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल का भी अनावरण किया। इस ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को जागरूकता बढ़ाने, बाल विवाह को रोकने और बाल विवाह की घटनाओं को दर्ज कराने के अभियान के लिए विकसित किया गया है। इस अवसर पर राज्य के विभिन्न जिलों में भी जागरूकता रैली और नुक्कड़ नाटक जैसे कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

———————————————————————

राज्य सरकार ने गन्ना के चालू पेराई सत्र दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए सभी प्रकार के गन्ना के क्रय मूल्य में दस रूपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की है। गन्ना उद्योग विभाग के मंत्री कृष्णनंदन पासवान की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। गन्ना उद्योग मंत्री ने कहा कि इस बढ़ोतरी के बाद उत्तम प्रभेद के गन्ना

का क्रय मूल्य तीन सौ पैंसठ रूपये, सामान्य प्रभेद का तीन सौ पैंतालीस रूपये और निम्न प्रभेद के गन्ना का क्रय मूल्य तीन सौ दस रूपये प्रति क्विंटल हो गया है।

---बाईट---

श्री पासवान ने बताया कि वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस में राज्य के चीनी मिलों में छह लाख सत्तासी हजार मीट्रिक टन चीनी का उत्पादन किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के गन्ना किसानों को अगले पांच वर्षों तक गन्ना के उन्नत बीज उपलब्ध कराने के लिए गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ और पूसा के साथ समझौता किया गया है। मंत्री ने कहा कि सरकार गन्ना का उत्पादन बढ़ाने और खेती का रकबा बढ़ाने के लिए काम कर रही है। इसके अलावा गुड़ प्रसंस्करण उद्योग को भी स्थापित करने के लिए मदद करने का फैसला किया गया है।

---बाईट---

---

पटना के ऊर्जा स्टेडियम में मिशन उन्नयन पर आज एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांति लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। श्री पांडेय ने कहा कि राज्य में नर्सिंग सेवाओं को विकसित करने के लिए गुजरात के अहमदाबाद स्थित इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ की एक शाखा को बिहार में खोला जाएगा।

---

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण उनतीस नवम्बर को दरभंगा का दौरा करेंगी। वित्त मंत्री स्थानीय राज मैदान में आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रम में लगभग छह हजार लाभुकों को कौशल युवा कार्यक्रम के तहत ग्यारह हजार करोड़ रुपये से अधिक का ऋण वितरित करेंगी। स्थानीय सांसद डॉ. गोपालजी ठाकुर ने बताया कि इसके तहत शिक्षा, डेयरी विकास और कृषि आधारित ऋण सहित अन्य योजनाओं के लिए युवाओं को ऋण उपलबध कराया जाएगा।

---

राजधानी पटना में कल से तीन दिनों तक चलने वाली बिहार राष्ट्रीय डाक टिकट प्रदर्शनी बिपेक्स दो हजार चौबीस शुरु हो रही है। इसका आयोजन पटना के ज्ञान भवन में किया गया है। देश के विभिन्न हिस्सों के एक सौ तिरेपन डाक टिकट संग्रहकर्ता और फिलाटेली के जानकार इसमें भाग लेंगे। करीब बीस हजार डाक टिकटों

का प्रदर्शन किया जायेगा। बिहार के मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल अनिल कुमार ने बताया कि कई प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा और विजेताओं को पुरस्कृ त किया जायेगा।

———बाईट———

राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर तीन दिनों की इस प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। लोगों के लिए यह ज्ञान, मनोरंजन और टिकटों की रंगारंग दुनिया से परिचित होने का अवसर होगा। प्रदर्शनी में आम लोगों के लिए विश्व के प्रथम डाक टिकट का भी प्रदर्शन किया जायेगा। तांबे का यह टिकट बिहार के पटना से अजीमाबाद एकन्नी और दोअन्नी के नाम से सत्रह सौ चौहत्तर में जारी किया गया था। जाने माने फिलाटेलिस्ट प्रदीप जैन ने इसे युवा पीढ़ी के लिए ज्ञान का खजाना बताया और प्रदर्शनी में जरुर भाग लेने की अपील की है।

———बाईट———

———————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग, बीपीएससी ने एकीकृत उनहत्तरवीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। सीतामढ़ी जिले के उज्ज्वल कुमार उपकर टॉपर बने हैं। उज्ज्वल के माता–पिता अपने पृत्र की इस सफलता से बहुत गौरवान्वित हैं।

———बाईट———

———————————————————————————

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास के डिहरी में सबसे कम तापमान ग्यारह दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पटना, पूर्णिया और भागलपुर जिले में कुछ स्थानों पर सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले पांच दिनों तक राज्य के तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है।

———————————————————————————

नशा मुक्ति का संदेश देने के लिए एक दिसंबर को पटना में मैराथन दौड़ का आयोजन किया जायेगा। इसका आयोजन मद्य निषेध विभाग करेगा। विभाग के सचिव विनोद सिंह गुंजियाल ने आज संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि इस दौड़ में शामिल होने वाले प्रतिभागियों के अलग–अलग श्रेणियों में पचास लाख रुपये तक के इनाम रखे गये हैं। अभी तक इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आठ हजार लोगों ने पंजीकरण कराया है।

———बाईट———

———————————————————————————

पश्चिम चंपारण के बगहा नगर थाना क्षेत्र के गौड़ैयापट्टी के पास सवारी से भरी नाव पत्थर से टकराने के बाद दो हिस्से में बंट गई। हालांकि नाव पर सवार सभी बीस लोग सुरक्षित नदी के किनारे पर पहुंच गए।

———————————————————————————

मधुबनी नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी अनिल चौधरी ने बताया है कि शहर में बंद पड़े चापाकल और नल–जल योजनाओं से संबंधित अन्य कार्यों को एक सप्ताह के भीतर शुरू कर दिया जाएगा।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. वक्फ विधेयक को लेकर विधानसभा में विपक्ष का हंगामा। विपक्ष के बहिष्कार के बीच बिहार राज्य खेल विश्वविद्यालय विधेयक पारित।

02. सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा – सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री पर अंकुश लगाने के लिए मौजूदा कानूनों को और अधिक सख्त बनाया जाएगा।

03. राज्य सरकार ने गन्ना के चालू पेराई सत्र के लिए सभी प्रकार के गन्ना के क्रय मूल्य में दस रूपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की।

04. और, राजधानी पटना में तीन दिवसीय बिहार राष्ट्रीय डाक टिकट प्रदर्शनी, बिपेक्स कल से होगी शुरू।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।